संख्या-33/2024/709/30-3-2024

प्रेषक,

के0पी0 सिंह,

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 22 मार्च, 2024

विषय:- वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु राजस्व पक्ष की योजनाओं पर व्यय हेतु निर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष उपलब्ध बचतों को सड़क सुरक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु अग्रिम रूप से आहरित कर परिवहन निगम को भुगतान किये जाने की स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-411/स0सु0/2024-09स0सु0/20, दिनांक 15 मार्च, 2024 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पूर्व निर्गत शासनादेश दिनांक 18-07-2023 द्वारा सड़क सुरक्षा के कार्यों हेतु धनराशि रू0 2709.51 लाख की निर्गत की गयी प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति में से सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आदि मदों में कुल अवशेष धनराशि रू0 408.84 लाख को प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम के पत्र दिनांक 14-03-2024 द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में परिवहन निगम की बसों में सड़क सुरक्षा का प्रचार-प्रसार कराये जाने हेतु उक्त धनराशि रू0 408.84 लाख (रू0 चार करोड़ आठ लाख चौरासी हजार मात्र) को अग्रिम रूप से आहरित कर परिवहन निगम को भुगतान किये जाने की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(1) धनराशि कार्यदायी संस्था को निर्गत किए जाने के दिनांक से उनके द्वारा वास्तविक उपयोग किए जाने की तिथि तक अर्जित ब्याज को राजकोष में जमा कराया जायेगा।

(2) वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रस्तर-162 में दी गई व्यवस्था के अनुसार जो सरकार कर्मचारी/अधिकारी धन को आहरित करेगा, वही उसके समायोजन हेतु भी उत्तरदायी होगा तथा यदि कोई क्षति होती है, तो उसके लिए भी संबंधित सरकारी कर्मचारी/अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा।

(3) पूर्व में दी गई समस्त अग्रिम धनराशि का समायोजन दिनांक 31 मार्च, 2024 तक अवश्य कर दिया जायेगा तथा प्रश्नगत धनराशि का समायोजन कराते हुए महालेखाकर के पुस्तांकित ऑकड़ों में भी समायोजन सुनिश्चित किया जायेगा तथा शासन को तदनुसार अवगत कराया जाना होगा।

(4) किसी भी अन्य अग्रिम के भुगतान के लिए शासन/वित्त विभाग की सहमति प्राप्त की जानी होगी।

(5) धनराशि के व्यय में सुसंगत नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा उसका व्यय उसी प्रयोजन में किया जायेगा, जिस हेतु इसका प्रावधान किया गया है।

(6) आम चुनाव, 2024 के दृष्टिगत लागू आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

2- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
ह0/-
(के0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-33/2024/709(1)/30-3-2024, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, कार्यालय-परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9
6- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ ।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0/-
(नितिन कुमार गुप्त)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।